पूर्व राज्यपाल श्री के.एम.चांडी का भाषण

25 मार्च, 1985

मध्यप्रदेश की नवनिर्वाचित आठवल्र विधानसभा के पहिले नेता और प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जिस निर्ममता से कायरतापूर्ण हत्या की गई उससे पूरा देश स्तब्ध रह गया। मध्यप्रदेश के नागरिकों को भी इस अप्रत्याशित घटनासे गहरा आघात लगा। मैं प्रदेश के नागरिकों, इस सदन के माननीय सदस्यों और अपनी सरकार की ओर से श्रीमती इंदिरा गांधी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता हूँ ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि उनकी उदात आत्मा अधिकाधिक लगन के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिये हमें प्रेरणा देती रहे। माननीय सदस्यगण, भोपाल के यूनियन कर्बाइड कारखाने में पिछले साल दिसम्बर में जहरीली गैस के अनियंत्रित रिसाव के कारण जो दुर्घटना हुई उसमें बड़ी संख्या में लोगों की आकाल मृत्यु हुई औद्योगिक इतिहास में दुनिया की इस सबसे भयंकर दुर्घटना से सारी दुनिया आघात लगा है और इस प्रदेश के लोगों को इसका दुख वर्षा सालता रहेगा।

मेरे शासन ने इस दुर्घटना से पैदा हुई स्थिति का मुकाबला करने के लिये तुरन्त और तेजी से सभी उपाय किए। दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता देने, घायलों के समुचित इलाज का प्रबन्ध करने और प्रभावित लोगों को बिना मूल्य अनाज, दूध, खाने का तेल और शक्कर जैसी जरूरी चीजें मुहैया कराने में पूरी तत्परता बरती गई। इसके अलावा तीन समेकित बाल विकास सेवा योजनाओं के माध्यम से भी महिलाओं और बच्चों को राहत पहुंचाई जा रही है।